हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 5 मई 2025


11 अंतरराष्ट्रीय संगठन हमारा परिवार ने लगाया....


12 घरों पर बंदरों का कब्जा, छतों और बाहर जाने...

HURRY UP ! Limited Seats
NEET | JEE | NTSE | NDA | MNS | AIRFORCE
★Free Doubt Class ★AC Class Rooms
★Free Extra Class ★Join H.D. for Success
★No Tuition No Tension ★Direct Bus Service From Ch. Dadri
FREE DEMO Classes
Science (Medical, Non-Medical) Commerce, Arts
H.D. Public School Birohar
A Co-Education English Medium | C.B.S.E Affiliated Sr. Sec. School
Admission Open Nur. to 9th & 11th
For Session 2025-26
M. 8059923555, 8607128682

## खबर संक्षेप

### राव दान सिंह सात को भिवानी में : ईश्वर शर्मा

**भिवानी।** पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में संविधान बचाओ कार्यक्रम के तहत भिवानी कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक राव दान सिंह 7 मई को प्रातः 10 बजे तथा 1 बजे चरखी दादरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्थानीय निकाय सहप्रभारी प्रधान ईश्वर शर्मा ने बताया कि 14 मई को भिवानी में होने वाले संविधान बचाओ कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर यह बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, एआईसीसी के सभी सदस्य, पूर्व चेयरमैन, सभी विभागों के संयोजक, अग्रणीय संगठनों, महिला कांग्रेस, युथ कांग्रेस, सेवा दल, असंगठित कर्मचारी कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### आठ को होगा सम्मान समारोह का आयोजन

**भिवानी।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला चरखी दादरी ईकाई के तत्वावधान में 8 मई वीरवार को सुबह 9 बजे से रोहतक रोड पर जीडीएसएल मैमोरियल यात्री सदन में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मण्डल के जिला महासचिव बलराम गुप्ता व सचिव सुनील खुड़ानिया ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि भिवानी महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह उपस्थित रहेंगे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को, चार बेंचों का गठन

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा 10 मई शनिवार को आयोजित किए जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चार बेंचों का गठन किया गया है। लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला व सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन नरेश कुमार के मार्गदर्शन में लोक अदालत का आयोजन होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बेंच में प्रेजायडिग अधिकारी के रूप में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. कविता कंबोज, दूसरी बेंच में सीजेएम निधि सोलंकी, तीसरी बेंच में जेएमआईसी मयंक गुप्ता और चौथी बेंच में जेएमआईसी लक्ष्य गर्ग को नियुक्त किया है। इन बेचों द्वारा सिविल, क्रिमिनल, कंपाउंड डेबल, बैंक रिकवरी, वैवाहिक चेक बाउंस व अन्य प्री लिटिगेशन और वैकल्पिक विवाद समाधान के माध्यम से निपटन के लिए लंबित मामलों की सुनवाई होगी।

# सात केंद्रों पर 2400 भावी डॉक्टरों ने दी परीक्षा, गहन जांच के बाद मिली एंट्री

## नाक का मोती-कानों की बाली उतरवाई, पानी की बोतल का ढक्कन किया चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रविवार को जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच भावी डॉक्टरों की परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा भवन तक पहुंचने के लिए परीक्षार्थियों को कई जांच पड़ताल से गुजरना पड़ा। सारी जांच पड़ताल होने के बाद ही परीक्षार्थी परीक्षा भवन तक पहुंच पाए। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस का पहरा रहा। पुलिस ने किसी भी बाहरी तत्व को परीक्षा केंद्र के नजदीक तक नहीं फटकने दिया। यहां तक पुलिस की पीसीआर परीक्षा केंद्रों के बाहर गश्त करती नजर आई। दूसरी तरफ शहर में जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि यातायात पुलिस ने पूरे समय मोर्चा संभाले रखा,लेकिन उसके बाद भी आड़े तिरछे वाहन खड़े करने से वाहन चालकों को अच्छी खासी परेशानी झेलनी पड़ी।

उल्लेखनीय है कि जिले में सात परीक्षा केंद्रों पर 24 सौ परीक्षार्थियों की नीट की परीक्षा हुई। परीक्षा शुरू होने से पहले 12 बजे ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने शुरू हो गए। सबसे पहले सभी परीक्षार्थियों को लाइनों में खड़ा करवाया गया और उनके रोलनम्बर की जांच की। रोलनम्बर की जांच करने के बाद परीक्षार्थियों की दूसरी आईडी की जांच की। दोनों आईडी जांचने के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट तक पहुंचने दिया। उसके बाद परीक्षार्थियों की वीडियोग्राफी हुई। पूरी जांच पड़ताल होने के बाद ही उनको आगे जाने दिया। इस प्रक्रिया को पूरी करने में एक से डेढ घंटे लगा।







### धागे के बंधे खुलवाए

परीक्षा में किसी तरह की कोई भी गड़बड़ी से बचने के लिए चॉक चौबंद व्यवस्था रही। हरेक परीक्षार्थी की पूरी तलाशी लेने के बाद ही परीक्षा केंद्र के अंदर जाने दिया। यहां तक कि महिला परीक्षार्थी के कानों की बालियां व हाथ पर धागे के बंधे कलाए भी तुड़वाए। जिन परीक्षार्थियों के हाथों में पानी की बोतलें थी। उन बोतलों के ढक्कनो की जांच की गई। जांच एजेंसी ने पहले पानी की बोत्तलों के ढक्कन खोले और फिर उनकी बारिकी से जांच की गई। इसी तरह परीक्षार्थियों के प्रेस, बेल्ट, हाथ का कड़ा व मोबाइल फोन को भी बाहर रखवाया गया।

### सीसीटीवी की नजर में हुई सारी प्रक्रिया

परीक्षा भवन में परीक्षार्थियों के प्रवेश से लेकर परीक्षा भवन में बनी सीटिंग प्लान तक पहुंचने तक सीसीटीवी कैमरों की नजर बनी रही। इनके अलावा किसी अप्रिय घटना से बचने वीडियोग्राफी भी करवाई। परीक्षार्थियों के प्रवेश व परीक्षा देने तक की सारी गतिविधियां कैमरों में कैद की गई। हरेक परीक्षा केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों का नियंत्रण एक अलग से कक्ष में बनाया गया। वहीं से पूरे परीक्षा केंद्र के सभी कमरों में बैठे परीक्षार्थियों पर नजर रखी गई। इस दौरान परीक्षा केंद्र की हर गतिविधियों को आला अधिकारियों से शेयर किया गया।

**शहर में रही जबरदस्त भीड़ :** शहर में सात जगहों पर परीक्षा केंद्रों पर करीब 24 सौ परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे। उनके साथ सहयोगी भी रहे। अधिकांश परीक्षार्थी अपने वाहनों से ही परीक्षा केंद्र तक पहुंचे। कई परीक्षार्थियों के साथ आए सहयोगियों ने अपने वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए। आडे तिरछे वाहन खडे करने से कई बार परीक्षा केंद्र के पास जाम की स्थिति बनी। हालांकि इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए यातायात पुलिस पहले से ही सतर्क रही। यातायात पुलिस ने इस तरह के वाहनों को फोटो खींचकर ऑनलाइन चालान की प्रक्रिया पूरी की। शाम छह बजे तक इसी तरह की स्थिति रही। चूंकि पांच बजे तक परीक्षा का आयोजन हुआ। उसके बाद ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों से बाहर आए।


**भिवानी।** परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

## उपायुक्त ने नीट परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी महावीर कौशिक ने आज जिला में संचालित नीट की परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वहां पर तैनात स्टाफ सदस्यों को परीक्षा के शांतिपूर्वक और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि रविवार को नीट की परीक्षा के लिए भिवानी शहर में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड स्थित डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल, राजीव गांधी राजकीय महिला कॉलेज, एमएनएस कॉलेज, सेक्टर 13 स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। वहीं परीक्षाओं को शांति पूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए सीसीटीवी कैमरे आदि स्थापित किए गए।

नीट परीक्षा के निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने को लेकर डीसी श्री कौशिक ने हरियाणा विद्यालय बोर्ड स्थित डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल, राजीव गांधी महिला महाविद्यालय और एमएनएस कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर तैनात स्टाफ सदस्यों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के अंदर के आसपास निश्चित दूरी के अंदर कोई व्यक्ति नजर ना आए। अधिकृत व्यक्ति के इलावा परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी व्यक्ति प्रवेश न करने पाए। परीक्षा का निष्पक्ष ढंग से संचालन हो।

## महंत पर गोली चलाने का आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- आरोपित को 03 दिन के रिमांड पर लिया

थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने भैणी ठाकरान के महन्त पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

भैणी ठाकरान में डेरा सोमपुरी के महंत रजाई नाथ उर्फ धनराज ने थाना बवानी खेड़ा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 18 अप्रैल को दोपहर के समय अपने डेरे में आराम कर रहे थे जो उसे समय डेरे में माया व सुरेंद्र नाम के दो व्यक्ति आए थे जिन्होंने बताया कि आपके लिए ऐसी लेकर आए हैं और गाड़ी में से ऐसी को उतरवा लीजिए। महंत के द्वारा कुछ दूर चलने पर आरोपी ने उन पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के बाद डेरे से भाग गए थे। जो गोली महंत के कमर में लगी थी। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बवानी खेड़ा में दर्ज किया था। अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना बवानी खेड़ा के उप निरीक्षक पवन कुमार महंत पर जान से मारने की नियत गोली चलाने के मामले में आरोपी को मोड़, जिला हिसार से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान महा सिंह उर्फ माया निवासी संधलाना, जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को पेश न्यायालय में कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। आरोपी ने बतलाया कि जिला संगरूर पंजाब में महंत रजाई नाथ के नाम से जो डेरा है उस डेरे के अंतर्गत कई एकड़ जमीन आती है जो जमीन विवाद के चलते आरोपी ने महंत रजाई नाथ पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी।

## ट्रक-बाइक की टक्कर में बाइक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- नेशनल हाईवे 334 बी पर गांव हड़ौदा के समीप हुआ हादसा
- लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया, पीजीआई किया रेफर

नेशनल हाईवे 334 बी पर गांव हड़ौदा के समीप ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। युवक के चचेरे भाई की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी शिकायत में बिरहीं कलां निवासी राहुल ने बताया कि वह हड़ौदा बस अड्डे पर दादरी – बाढडा रोड पर अपने ताऊ के लड़के आशीष का इंतजार कर रहा था। जो अपने किसी काम से गोपी गया हुआ था । आशीष मोटर साइकिल पर बाढडा की तरफ से आ रहा था इसी दौरान दादरी की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे राजस्थान नंबर के ट्रक ड्राइवर ने सामने से आ रहे आशीष की मोटर साइकिल को टक्कर मार दी ।जिस कारण आशीष मोटर साइकिल सहित नीचे गिर गया ओर उसको चोटें लगी व मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक ड्राइवर इस दौरान मौका देखकर गाड़ी को वहीं छोड़कर भाग गया। वह और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और आशीष को उठाया व उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया बाद में उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। घायल आशीष के चचेरे भाई राहुल ने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राज्य स्तरीय ताइक्वांडो स्पर्धा के लिए बाल भवन में लिया ट्रायल


**भिवानी।** विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


- चयनित खिलाड़ी फतेहाबाद में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे

जिला ताइक्वांडो संघ भिवानी द्वारा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन के लिए बाल भवन में जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन होगा। यह ट्रायल जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश बेबियान के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता सुशीला गुराईया ने किया। ट्रायल में जिला ताइक्वांडो संघ के कार्यकारी प्रधान ललित शर्मा, उपप्रधान विष्णु जांगड़ा, कोच सपना, कोच प्रीति, विरेन्द्र जिनागल, राजेश बागोरिया आदि उपस्थित रहे। जिला ताईक्वांडो संघ के महासचिव कुलदीप सिंह ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को 9 से 11 मई को फतेहाबाद में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल में लक्ष्य, पूर्व, जतीन, अश्वनी, आयुष, आदर्श, पुलकित, नीशू, पायल, शिवम, नीरज, हिमांशी, भावना, माफी, मुस्कान, वर्षा, कोमल, यक्षिता व बंदना का चयन हुआ है।

### विदेश में सात-सात इंटरनेशनल अवॉर्ड जीते

## 300 रुपये में बनी फिल्म ‘मकड़ी’ ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



- भिवानी के यश केजरीवाल ने भारत का नाम किया रोशन
- लगातार 7 बार ‘सर्वश्रेष्ठ अभिनेता’ का खिताब जीता

कला की दुनिया में हरियाणा के एक युवा ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो सुनकर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा। हरियाणा के भिवानी जिले की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले यश केजरीवाल ने सिर्फ तीन सौ रुपये में एक ऐसी लघु फिल्म बना डाली जिसने विदेश में जाकर सात-सात इंटरनेशनल अवॉर्ड जीत लिए। जी हां, म्यांमार इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ‘मकड़ी’ नाम की इस फिल्म ने धमाका कर दिया है। इस फिल्म में यश ने दिखाया है कि समाज में महिलाओं के साथ हो रहे शोषण और अत्याचार के खिलाफ आवाज कैसे उठाई जा सकती है। केवल 300 रुपये, न कोई बड़ा कैमरा, न सेटअप – बस जुनून, कला और सच की ताकत। और इस फिल्म ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया।

फिल्म के लेखक हैं साहिल, कैमरा डायरेक्टर पुनीत जांगड़ा, छायांकन किया अभिषेक मेहरा ने और कला निर्देशन संभाला यशु दास ने। संगीत दिया सूरज ने। खुद यश केजरीवाल, परी राजपूत, दीपक बागला और सूरज ने इसमें एक्टिंग भी की है। यश मानते हैं कि इस उड़ान के पीछे हैं उनके गुरु डॉ. हरिकेश पंघाल का विशेष योगदान है जिन्होंने यश की प्रतिभा को पहचाना, तराशा और उन्हें अभिनय से निर्देशन की राह पर बढ़ाया। यश बताते हैं कि उन्हीं के निर्देशन में उन्होंने पहला हिंदी नाटक किया और वहीं से शुरू हुआ उनका ये अद्भुत सफर। और आज वही छात्र अपने गुरु का रिकॉर्ड तोड़ चुका है – लगातार 7 बार ‘सर्वश्रेष्ठ अभिनेता’ का खिताब जीत कर। यश इससे पहले भी ‘चोर’ नामक हरियाणवी कविता पर आधारित फिल्म बना चुके हैं, जिसने काफी सुर्खियाँ बटोरी थीं। हरियाणवी सिनेमा को नई पहचान देना है लक्ष्यअब यश का अगला लक्ष्य है हरियाणवी सिनेमा को नई पहचान देना। वो जल्द ही एक हरियाणवी फीचर फिल्म लेकर आने वाले हैं, जो साबित करेगी कि हरियाणवी भाषा सिर्फ हास्य नहीं, संवेदनाओं और सिनेमा की भी भाषा बन सकती है।

## 30 दिन में चालान नहीं भरा तो वाहन होंगे जब्त: यातायात पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए रविवार को शहर के रोहतक गेट चौक पर ट्रैफिक पुलिस विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें स्कूली छात्रों और राहगीरों को यातायात के नियमों के बारे में अवगत करवाया गया। इस जागरूकता अभियान में लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए तुरंत चालान किए गए।

वही इस अवसर पर यातायात पुलिस अधिकारी सीताराम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक भिवानी के दिशा निर्देश पर शहर भर में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों को दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन देने से बचना चाहिए जिससे वह खुद के और दूसरे के जीवन को मुश्किल में डालें।

उन्होंने कहा कि जिन विवाहित चालकों के वहां के चालान काटे गए हैं वह 30 दिन के अंदर अपना चालान भरे अन्यथा वहां को जब्त कर लिया जाएगा।



## ब्रह्म सरोवर

कुरुक्षेत्र जिले के थानेसर में स्थित ब्रह्म सरोवर एक प्राचीन और पवित्र सरोवर है। यह सरोवर हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, भगवान ब्रह्मा ने इसी भूमि से ब्रह्मांड की रचना की थी। सूर्यग्रहण के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर लाखों लोग ब्रह्मसरोवर में स्नान करते हैं। कई एकड़ में फैला हुआ यह तीर्थ वर्तमान में बहुत सुन्दर एवं सुसज्जित बना दिया गया है।

# पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का तीर्थ है फल्गु

**कुरूक्षेत्र के सात वनों में प्रसिद्ध फलकीवन में ही फल्गु तीर्थ सुशोभित है। हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले के गांव फरल में स्थित यह तीर्थ स्थान कैथल से 25 किलोमीटर, कुरूक्षेत्र से 27 और पेहवा से 20 किलोमीटर ढाण्ड-पूण्डरी मार्ग पर लगभग दोनों के मध्य स्थित है। फल्गु तीर्थ के कारण ही गांव का नाम भी फरल पड़ा। इस तीर्थ का वर्णन महाभारत, वामन पुराण मत्स्य पुराण तथा नारद पुराण में उपलब्ध होता है।**

धर्मस्थल

**दिनेश शर्मा 'दिनेश'**



संसार के जिन स्थानों पर सबसे पहले मानव सभ्यता का विकास हुआ, उनमें कुरूक्षेत्र का नाम अग्रगण्य है। सरस्वती एवं दृषद्वती जैसी पवित्र नदियों की इस धरा पर वैदिक सभ्यता का उद्भव हुआ। भारतीय धर्म, दर्शन, कला, साहित्य आदि के विकास में प्रथम सृजन यहीं हुआ।

कृष्ण यजुर्वेद की मैत्रायणी शाखा में कुरूक्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यों की प्रमुख जातियां भरत एवं पुरू भी इसी पावन धरा से जुड़ी रही हैं। जिनके सम्मिश्रण से कुरू नामक जाति का आविर्भाव हुआ। कुरूक्षेत्र यानि कुरूओं का क्षेत्र। इसलिए ही इसे कुरूक्षेत्र कहा गया है। वामन पुराण के अनुसार दृषद्वती नदी सरस्वती के साथ-साथ वही नदी है जिसने कुरूक्षेत्र धरा को गरिमा प्रदान की है। इस नदी का प्रवाह मार्ग कौल (कैथल) से होते हुए फल्कीवन (फरल) रहा है। हालांकि वर्तमान समय में दृषद्वती के बहने के मार्ग के अवशेष मात्र शेष हैं, जो फरल गांव के पूर्व दिशा में स्थित हैं। 48 कोस कुरू भूमि हरियाणा के कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल, जीन्द एवं पानीपत जिलों में फैली हुई है। महाभारतानुसार उत्तर-पूर्व में रंतुक यक्ष (बीड़ पीपली के पास) पश्चिम में अरंतुक यक्ष (कैथल में बेहर गांव के पास) दक्षिण-पश्चिम में रामहद यक्ष (जिला जीन्द में रामराय के पास) एवं दक्षिण पूर्व में मचक्रुक यक्ष (जिला पानीपत में शींख के पास) का स्पष्ट वर्णन मिलता है। इस प्रकार इन चार यक्षों द्वारा रक्षित इस आयताकार 48 कोस की भूमि में 360 तीर्थों की उपस्थिति मानी जाती है। कुरूक्षेत्र की पवित्र भूमि प्राचीन काल में घने वनों से आच्छादित थी। वामन पुराण में कुरूक्षेत्र भूमि में स्थित सात वनों का स्पष्ट नामोल्लेख मिलता है। जैसे - काम्यक वन, अदिति वन, व्यास वन, फलकीवन, सूर्यवन वन, मधुवन तथा शीतवन। वामन पुराण के अनुसार इन पुण्यशाली वनों के नाम का उच्चारण करते ही मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं-

*श्रृणु सप्त वनानीह कुरूक्षेत्रस्य मध्यतः।*
*येषां नामानि पुण्यानि सर्वपापहराणि च।*
*काम्यकं च वनं पुण्यं दितिवनं महत।*
*व्यासस्य च वनं पुण्यं फलकीवनमेव च ।*

कुरूक्षेत्र के सात वनों में प्रसिद्ध फलकीवन में ही फल्गु तीर्थ सुशोभित है। हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले के गांव फरल में स्थित यह तीर्थ स्थान कैथल से 25 किलोमीटर, कुरूक्षेत्र से 27 और पेहवा से 20 किलोमीटर ढाण्ड-पूण्डरी मार्ग पर लगभग दोनों के मध्य स्थित है। फल्गु तीर्थ के कारण ही गांव का नाम भी फरल पड़ा। इस तीर्थ का वर्णन महाभारत, वामन पुराण मत्स्य पुराण तथा नारद पुराण में उपलब्ध होता है। महाभारत वन पर्व में तीर्थ यात्रा प्रसंग के अन्तर्गत इस तीर्थ के महत्व के विषय में स्पष्ट उल्लेख हैः

*ततो गच्छेत राजेन्द्र फलकीवनमुत्तमम्।*
*तत्र देवाः सदा राजन्‌ फलकीवनमाश्रिताः।*
तपश्चरन्ति विपुल बहुवर्षसहस्त्रकम्।

अर्थात तत्पश्चात मनुष्य को देवों द्वारा देवताओं ने हजारों वर्षों तक कठोर तपस्या की। बिल्कुल ऐसा ही वामन पुराण में भी उपलब्ध होता है, जहां लिखा है कि तत्पश्चात देवता, गन्धर्व, साध्य एवं ऋषि लोगों को दिव्य निवास वाले उस फलकीवन में जाना चाहिए जहां देव, गन्धर्व, सिद्ध एवं ऋषि सदैव तपस्यारत रहते हैं।

महाभारत के अनुसार इस तीर्थ में स्नान करने एवं देवताओं का तर्पण करने से मनुष्य अग्निष्टोम तथा अतिरात्र यज्ञों के करने से कहीं अधिक श्रेष्ठतर फल को प्राप्त करता है। वामन पुराण में भी लिखा है कि इस तीर्थ में स्नान करने से तथा देवताओं का तर्पण करने से मनुष्य अग्निष्टोम तथा अतिरात्र यज्ञों से भी अधिक फल प्राप्त करता है। वामन पुराण के 36 में अध्याय के श्लोक संख्या 49 और 50 में वर्णित है-

*''सोमक्षये च सम्प्राप्ते सोमस्य च दिन।*
*यः श्राद्ध च मत्यस्तस्य फल पुष्पम्।।*
*गंगायां च यथा श्राद्ध पितृन्प्रीणाति नित्यशः।*
*श्राद्ध च कर्तव्य फल्कीवनमाश्रितैः।।"*

अर्थात ''अमावस्या (सोमक्षय) होने पर सोमवार के दिन जो मनुष्य श्राद्ध करता है, उसे बहुत अधिक पुण्य प्राप्त होता है। फल्कीवन में फल्गु तीर्थ पर किया गया श्राद्ध पितरों को वैसा ही तृप्त और सन्तुष्ट करता है जैसा कि गया जी में किया हुआ श्राद्ध नित्य ही पितृगण (पितरों) को प्रसन्न करता है। फलकीवन (कैथल) स्थित फल्गु तीर्थ के बारे बात करें तो सर्वप्रथम जिस बात का उल्लेख आवश्यक है वह 'श्री फल्गु ऋषि' का जिक्र है। आखिर उनके तप का ही प्रभाव है कि आज यह क्षेत्र प्रसिद्ध है। उनके नाम से ही यह वन फल्कीवन हुआ। ऋषिवर इस वन में तपस्या करते थे। पुराणानुसार एवं लोक किंवदंतियों में कहा जाता है कि उनके तपस्या काल में प्रसिद्ध गया जी तीर्थ बिहार पर गयासुर का राज्य था। गयासुर की यह प्रतिज्ञा थी कि जो उसे युद्ध में पराजित कर देगा उसके साथ वह अपनी तीनों पुत्रियों का विवाह करेगा। उस समय फल्गु तीर्थ यानी फलकी वन में फल्गु ऋषि तपस्या कर रहे थे। गयासुर से त्रस्त लोगों और देवताओं के अनुरोध से जब उन्हें गयासुर की प्रतिज्ञा का पता चला तो गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ समझकर वहां गए और शास्त्रार्थ में गयासुर को पराजित करके उसकी तीनों कन्याओं के साथ विवाह कर लिया एवं गृहस्थी बने। दहेज में गयासुर ने गया जी में पितृतृप्ति हेतु किए जाने वाले कार्यों में मिलने वाले फल का वर भी दिया।



श्री फल्क ऋषि मंदिर



फरल में स्थित फल्गु तीर्थ


इस पावन तीर्थ पर फल्गु ऋषि के मन्दिर के अलावा भी कई सुन्दर मन्दिर हैं। यहां सरोवर के घाट के पास अष्टकोण आधार पर निर्मित 17वीं शताब्दी की मुगल शैली में बना शिव मन्दिर है जो लगभग 30 फुट ऊंचा है। यहां स्थित सरोवर की लम्बाई 800 फुट और चौड़ाई 300 फुट है। मुगल शैली में एक और शिव मन्दिर है जो लगभग 20 फुट ऊंचा है तथा आकार में वर्गाकार है। वर्ग की एक भुजा 9 फुट 6 इंच है। यहीं एक अन्य मन्दिर जो राधा-कृष्ण का भी है जो नागर शैली में बना हुआ है। इसका शिखर शंकु आकार का है। इन सभी उपरोक्त वर्णित मन्दिरों में निर्माण के दौरान लाखौरी ईंटों का इस्तेमाल किया गया है एवं परवर्ती काल में इनका जीर्णोद्धार आधुनिक ईंटों के द्वारा किया गया है। घाट के पास ही एक अत्यन्त प्राचीन वट वृक्ष है जिसे लोग श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं। हाल ही में फल्गु तीर्थ के बीच एक नए मंदिर का निर्माण भी जन सामान्य ने सहयोग और आस्था से किया है। इसके अतिरिक्त फरल से ही कुछ तीर्थ और जुड़े हैं। जैसे गांव फरल से 2 किलोमीटर के सम्पर्क मार्ग द्वारा पणिश्वर तीर्थ पर पहुंचा जा सकता है। यह तीर्थ पवन पुत्र हनुमान से संबंधित है; जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट भी है। महाभारत में इस नाम से किसी तीर्थ का वर्णन प्राप्त नहीं होता, परन्तु महाभारत के अनुशासन पर्व के दसवें अध्याय में पाणिखात के नाम से एक तीर्थ उल्लेख है जिसके बारे में धारणा है कि वही पाणिखात पणिश्वर है। इस तीर्थ में स्नान करने के पुण्य के विषय में कहा गया है कि यहां स्नान करने से मनुष्य को एक हजार गाय दान करने के समान फल मिलता है। आगे कहा गया है कि जो मनुष्य पणिश्वर तीर्थ में पितृ-तर्पण करता है वह राजसूर्य यज्ञ के फल का उपयोग करता है। इस तीर्थ पर वर्तमान में हनुमान जी का भव्य मंदिर है जिसमें बजरंगबली की सुंदर प्रतिमा है। निःसंकोच कहा जा सकता है कि –

*'तीर्थ स्तरन्ति प्रवतो महीरीति, यज्ञकृतः सुकृतो येन यन्ति।'*

मनुष्य तीर्थों के सहारे बड़ी से बड़ी विपत्तियों से तर जाता है। बड़े से बड़े पाप तीर्थ सेवन से समाप्त हो जाते हैं और तीर्थ स्थान करने वाला महान यज्ञ करने वालों के रास्ते से ही स्वर्ग जाता है।

---

कविता | **राजपाल सिंह गुलिया**



## एक डीलर आग्या रै

एक डीलर आग्या रै, एक डीलर आग्या रै.
म्हारे घेर म्हँ साँझ नै, एक डीलर आग्या रै.
एक डीलर एक डीलर, एक डीलर आग्या रै.

बीच गली म्हँ एक गाड़ी नै, होरण तेज बजाया.
लाम्बी गाड़ी देख बारणै, बाबू भी हर्षाया.
न्यू बोल्या वो बाबू तैं मैं, ऑफर बढ़िया ल्याया.
उसने बाबू के कान म्हँ, कील्ले का रेट बताया
फेर भा सुण कै न बाबू कै, भी जी सा आग्या रै ...

न्यू बोल्या वो इस खेवट का, नम्बर खास नहीं सै.
रेट भतेरे बढ़ लिए ईब, आग्गै आस नहीं सै.
दवा बहम की चाचा चतरू, म्हारे पास नहीं सै
धोखे आलै काम क धोरै, गंगादास नहीं सै.
फेर हाथ होक्के पै धर कै, कती नेम ठाग्या रै...

भा सुणकै ना मेरा बाबू, फूल्या नहीं समाया.
एक बेच कै पाँच दिवा दूँ, न्यूँ भी वो बहकाया.
टोकन मनी दे कै उसने, ब्याना तुरत लिखाया
भांग कै भाड़ै धरती दे के, भोत घणा पिछताया
फेर म्हारी इस डील म्हँ वो, कई लाख कमाग्या रै...

खेत बेच कै सबके होग्ये, नख्शे हाई - फाई,
माणस गैल्या गाड़ी होग्यी, घर -घर वाई -फाई.
कह गुलिया इब बैरी होग्ये, खुद भाई के भाई,
आपस का रसूख देख ल्यो, होग्या हवा - हवाई
बाबू कहता फिरै घोल कै, वोह मन्नै प्याग्या रै ...

---

कविता | **भूपसिंह 'भारती'**



## घर-घर म्ह पेड़ लगाओ

पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।
रुदन सुणो ये रो रो कहरे, ना हमनै काट बगाओ।।

धरती का सिंगार करा हम, न्यारी म्हारी माया।
मीठे मीठे फल देवां हम, देवां सीली छाया।
हरा भरा हो घर भाया, जै घर में पौधे लाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

बरखा नै हम लेकै आवां, कती करां ना टाला।
मरते-मरते इंधन देवा, सै म्हारा काम निराला।
घर-घर म्ह पेड़ लगाकै, प्रदूषण नै भगाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

पीवण नै हम पाणी देते, अन्न देते खाणे को।
ऑक्सीजन पैदा करते, जीवन नै बचाणे को।
जै चाहो सो जीणा तो, म्हारी तादाद बढ़ाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

इस दुनिया म्ह सुणलो लोगों, पेड़ ही सच्चे साथी।
हर हालत में साथ निभावै, बणकै देख हिमाती।
कह 'भारती' पौधगिरी की, मिलकै अलख जगाओ।
पर्यावरण बचाणा से तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

रोचक | **फरजाना उर्फ समरु ने करीब 50 वर्षों तक गुड़गांव क्षेत्र पर शासन किया, तब अंग्रेज भी उसकी सैन्य ताकत से खतरा अनुभव करने लगे थे**

# तवायफ से तख्तोताज तक पहुंची थी बेगम समरु



इतिहास | **यशपाल गुलिया**

बड़ोत कस्बे के समीप कुताना गांव में पैदा होने वाली लड़की फरजाना एक विख्यात शासक बनी थी। उसने लगभग 50 वर्षों तक गुड़गांव क्षेत्र पर शासन किया तथा झाड़सा के पास एक बड़ी छावनी भी बना ली थी। बता दें कि वर्ष 1760 के आसपास फरजाना की विधवा माता गरीबी से तंग आकर दिल्ली आ गई। तब फरजाना की उम्र 8-10 वर्ष थी और उसकी माता पहले दिल्ली में तवायफ रह चुकी थी, जिसको कुताना गांव का असद खां खरीद ले गया था।

दिल्ली पहुंचकर भी वह अपने पुराने पेशे वाले स्थान पर नहीं गई। क्योंकि वह फरजाना को किसी भी सूरत में अपने पुराने पेशे में नहीं डालना चाहती थी। इसलिए दिल्ली पहुंचकर वे दोनों जामा मस्जिद की सीढ़ियों पर ठहर कर भीख तक मांगने लग गई। 20-25 दिनों बाद ही बुखार से ग्रस्त होकर फरजाना की माता की मृत्यु हो गई। तब रोती बिलखती देखकर फरजाना को वहां से गुजरने वाली खानुम जान नामक तवायफ अपने साथ ले गई। जहां फरजाना की माता उसको नहीं ले जाना चाहती थी, भाग्य के करिश्मे से फरजाना वहीं चावड़ी बाजार पहुंच गई। कुछ ही वर्षों में फरजाना नाच गाने में दक्ष हो गई। तभी वर्ष 1765 में भरतपुर शासक जवाहर सिंह ने दिल्ली पर आक्रमण किया था। उसका सेनापति जनरल समरु था जो फरजाना को 5000 रुपये में खानुम जान से खरीद कर अपने साथ भरतपुर ले गया और फरजाना बेगम समरु बन गई तथा आगरा में





बेगम समरु का चित्र तथा उनके द्वारा सरधना में बनवाई गई चर्च जो आज भी विद्यमान है।

रहने लग गई। फिर जनरल समरु ने भरतपुर की नौकरी छोड़कर दिल्ली शाही वजीर नजफ खां की नौकरी पकड़ ली। नजफ खां ने बेगम समरु को झज्जर तथा मेरठ के पास सरधना की दो जागीर प्रदान कर दी। वह मूल रूप से ऑस्ट्रीया का निवासी था जो भारत में रोजगार के लिए आया था। बेगम समरु और जनरल समरु का साथ 12-13 वर्षों तक ही रहा क्योंकि वर्ष 1778 में जनरल समरु की मृत्यु हो गई। तब दिल्ली बादशाह ने उसकी दोनों जागीरों को शासक बेगम समरु को प्रदान कर दिया। बेगम समरु ने कुशलतापूर्वक प्रशासनिक कार्यों को सम्भाला तथा झज्जर क्षेत्र पर तीन प्रशासक राय गोपीनाथ, चौधरी साहब सिंह व मजलिस राय को नियुक्त कर दिया और स्वयं सरधना में रहने लग गई। जहां उसने एक विशाल सेना गठित कर ली तथा यूरोपीय सेना अधिकारियों को नियुक्त कर लिया। उल्लेखनीय है कि झज्जर बादशाह अकबर के काल से ही एक शासकीय इकाई बना रहा था जिसके तहत चार परगने झज्जर खास, बेरी-दुबलधन, दादरी तोए और मान्डौठी आते थे। लेकिन बेगम झज्जर की हाकिम केवल सात वर्षों (1778 से 1785 तक) तक ही रही। उसके बाद बादशाह ने बेगम समरु को झाड़सा-बादशाहपुर की जागीर भी दे दी। इसके तहत साढराणा तक के गांव आते थे और गुड़गांव तब तक एक गांव मात्र था। फिर बेगम इतनी शक्तिशाली हो गई कि उसने झाड़सा के पास विशाल सैनिक छावनी ही गठित कर डाली। वर्ष 1803 से दिल्ली पर अंग्रेजों का अधिकार होने पर भी बेगम समरु की दोनों जागीर सरधना व झाड़सा (गुड़गांव) ऐसे ही बनी रही।

बेगम समरु इतनी शक्तिशाली सैन्य ताकत बन गई थी कि अंग्रेजों को उससे खतरा अनुभव होने लग गया था। इसके परिणाम स्वरूप उनको भी झाड़सा से दूर एक नई छावनी बनानी पड़ी जिसको हिदायतपुर छावनी कहा जाता था। इस तरह उस ऐतिहासिक हस्ती बेगम समरु ने वर्ष 1836 तक शासन किया तथा जनवरी 1836 में वह निःसन्तान स्वर्ग सिधार गई। अंग्रेजों ने उसकी सभी छावनियों व क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया। बेगम के बनाए हुए विशाल चर्च व महल सरधना व दिल्ली में आज भी विराजमान हैं।

**बेगम समरु जनवरी 1836 में निःसन्तान स्वर्ग सिधार गई। उसके बाद अंग्रेजों ने उसकी सभी छावनियों व क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया। बेगम के बनाए हुए विशाल चर्च व महल सरधना व दिल्ली में आज भी विराजमान हैं।**

---

# समाज को संस्कृति से जोड़ने में कला का अहम योगदान : रवि मोहन

कलाकार | **ओ.पी. पाल**

हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में विभिन्न विधाओं में कलाकारों की अहम भूमिका है। ऐसे ही कलाकारों में रंगमंच के अभिनेता रवि मोहन भी शामिल है, जिन्होंने बॉलीवुड तक का सफर तय करने के बावजूद अपनी संस्कृति को सर्वोपरि रखते हुए समाज को सकारात्मक संदेश देने के मकसद से अपनी कला को बुलंदियों तक पहुंचाया है। साहित्यिक नाटकों, कहानियों के मंचन और सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर अपनी कला के संसार को दिशा देने का प्रयास किया है। अभिनेता, थिएटर निर्देशक और रंगकर्मी रवि मोहन ने अपनी कला के सफर को लेकर कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया, जिससे समाज को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने में कला महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

हरियाणा के लोक कलाकार रवि मोहन का जन्म 11 मई 1975 को रास बिहारी और अनीता भारद्वाज के घर में हुआ। उनके परिवार में किसी प्रकार का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल तो नहीं था, लेकिन उनके पिता कभी अपनी शादी से पहले कैथल में रामलीला में किरदार करते थे। उनका परिवार 46 साल पहले सफीदों आ गया था। बकौल रवि मोहन, उनकी शिक्षा सरकारी स्कूल से हुई और कॉलेज पास आउट करने के बाद उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आधुनिक इतिहास में एमए की। उसके बाद एमफिल भी की। कला के क्षेत्र में अपनी अभिरुचि के बारे में रवि मोहन ने बताया कि स्कूली शिक्षा के दौरान उन्हें कभी-कभी मंच पर ग्रुप सॉन्ग और छोटे-छोटे अभिनय करने का सौभाग्य मिला। कॉलेज के दौरान उन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मौका मिला और उनकी कला से उन्हें सम्मान मिला, क्योंकि वह कॉलेज में भी एनसीसी की क्विज कांटेस्ट, गेम सॉन्ग, फैंसी ड्रेस, नाटक, नृत्य और गाना-बजाना जैसी गतिविधि में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहे। विश्वविद्यालय में वे सांस्कृतिक गतिविधियों में लोक नृत्य और नाटकों में भागीदारी करते रहे। संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली और नेशनल स्कूल आफ ड्रामा फैकल्टी के विशेषज्ञों के सानिध्य में उन्होंने साल 2002 और 2003 में रंगमंच की कार्यशालाओं से प्रशिक्षण लिया और दो माह के अल्पकाल में रंगमच की बारीकियों को जाना। इससे वह रंगमंच की तरफ आकर्षित होकर रंगकर्मी के रूप में अपनी कला को आगे बढ़ाने लगे। करीब 28 वर्षों से रंगमंच से जुड़कर करीब 50 नाटकों का निर्देशन किया है, जबकि 15 नाटकों में अभिनय करने के अलावा कुछ वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी किरदार किया। उन्हें हरियाणा की तरफ से राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में बतौर निर्देशक के रूप में भी काम करने का मौका मिला। उन्होंने 2003 में राज कला मंच नामक खुद की एक नाटक एनजीओ का पंजीकरण कराया और इस मंच से अब तक 14 राष्ट्रीय नाटक उत्सव चैनल थिएटर के नाम से आयोजित किए हैं। साल 2007 से 2010 के दौरान कुछ समय वे मुंबई भी रहे।





### पुरस्कार एवं सम्मान

अभिनेता एवं कलाकार रवि मोहन को वर्ष 2000 में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ लोक नर्तक एवं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। वहीं इसी वर्ष के दौरान उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय कलर से सम्मानित किया गया। जबकि वर्ष 2007 में राष्ट्रीय स्तर पर निर्देशन के लिए स्वर्ण पदक से नवाजा गया। इसके अलावा उन्हें हरियाणा में रंगमंच प्रोत्साहन के लिए राज्यपाल पुरस्कार, रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियों में अनुकरणीय समर्पण के लिए रोटरी वोकेशनल पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार जैसे सैकड़ो पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

### अभिनय से संजोया हरियाणा

अभिनेता एवं रंगकर्मी रवि मोहन ने नेशनल चैनल डीडी-1 पर एक और कहानी, डीडी-हिसार के लिए सबरंग, सोनी टीवी पर क्राइम पेट्रोल एवं जिंदगी के क्रॉस रोड के अलावा एमएक्स प्लेयर पर कैंपस डायरी, स्टेज ऐप पर मेरे यार की शादी है और ब्रॉडलाइन एरोप्लान (फेदर फिल्म) में विभिन्न किरदार निभाए हैं। उन्होंने दूसरा आदमी दूसरी औरत और एक शाम कहानियों के नाम, धीमा जहर, हरियाणा के क्रांतिवीर, मैकबेथ, नागमंडल, मारिया फरार, रेजांग-ला द लास्ट वार, अंधा युग, मैं कहानी हूं, कनुप्रिया, छाया के बिना आदमी के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों में विभिन्न राष्ट्रीय रंगमंच समारोहों में अपनी कला से अहम योगदान दिया। इसके अलावा उन्होंने हरियाणा के जिलों के शिक्षण संस्थानों और विभिन्न ड्रामा स्कूलों में अभिनय और डिजाइनिंग के लिए विजिटिंग फैकल्टी के लिए भी अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

## खबर संक्षेप

### 25 को जाट धर्मशाला में होगा सम्मान समारोह

**भिवानी।** जाट धर्मशाला प्रांगण में रविवार को जाट धर्मशाला सभा की मीटिंग का आयोजन हुआ। मीटिंग की अध्यक्षता जाट धर्मशाला सभा के प्रधान दिलबाग सांगवान ने की, जिसमें कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर दिलबाग सांगवान ने बताया कि दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती के उपलक्ष्य में 25 मई को जाट धर्मशाला में जाट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### भाजपा बहल मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

**बहल।** भाजपा जिला भिवानी कार्यालय द्वारा भाजपा बहल मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में चार मंडल उपाध्यक्ष. दो महामंत्री. चार सचिव सहित कुल 14 पदाधिकारी बनाए गए हैं। तीन महिला कार्यकर्ताओं को पदभार दिया गया है। रविवार को भाजपा जिला भिवानी अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक द्वारा घोषित कार्यकारिणी में संतराम, मनोज सैन, सुमन श्योराण व प्रमिला मान को मंडल उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई है। दीपक शर्मा, सत्यप्रकाश, संदीप लाखलान, श्यामसुंदर शर्मा, अनिल कुमार, पवन सोनी व रेखा सोनी को मंडल सचिव का पदभार दिया गया है।

### पंकज कुमार को खंड प्रधान की जिम्मेदारी

**भिवानी।** हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन की खण्ड बवानीखेड़ा कार्यकारिणी का चुनाव स्थानीय शहीद गुलाबसिंह पार्क में करवाया गया। चुनाव कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष जंगबीर कासनियां ने की। खण्ड बवानीखेड़ा की कार्यकारिणी के गठन में सैंकड़ों प्राथमिक शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया । प्रधान पद के लिए सर्वसम्मति से पंकज कुमार को चुना गया ।

### सांसद किरण होंगी बतौर मुख्य अतिथि शामिल

**भिवानी।** राज्यसभा सांसद किरण चौधरी 5 मई को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जिला में विभिन्न जगहों पर आयोजित रक्तदान शिविरों में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगी। इस दौरान राज्यसभा सांसद लोगों की समस्याएं भी सुनेंगी।

### खिलाड़ी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में करेंगे हरियाणा का प्रतिनिधित्व

**भिवानी।** रेलवे स्पोर्ट्स अकादमी भिवानी के चीफ कोच व जिला सेपक टकरा संघ भिवानी के महासचिव सतबीर सिंह देहरान ने बताया कि 4 मई से 15 मई तक आयोजित खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार राज्य के पटना शहर में खेला जा रहा है, जिसमें रेलवे अकादमी भिवानी के खिलाड़ी धैर्य देहरान, कोमल व गरिमा का सेपक टकरा गेम में चयन किया गया है। देहरान ने बताया कि इस खेलों इंडिया यूथ गेम्स में 12 वर्ष के सबसे छोटी आयु के खिलाड़ी धैर्य देहरान हरियाणा राज्य की तरफ से इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

---

# अंतरराष्ट्रीय संगठन हमारा परिवार ने लगाया शिविर, 51युवाओं ने रक्तदान किया, बोर्ड अध्यक्ष डा. पवन शर्मा ने भी किया रक्तदान

रक्तदान जैसी जीवनदायिनी मुहिम सराहनीयः चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अंतरराष्ट्रीय संगठन हमारा परिवार द्वारा प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले रक्तदान शिविर की कड़ी में रविवार को स्थानीय महम गेट स्थित श्री हरियाणा ब्रह्मचारी शेखावाटी आश्रम के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट एम्स बाढ़सा झज्जर की चिकित्सकों की टीम डा.शुभम की अगुवाई में पहुंची तथा बस में ही 51 यूनिट रक्त एकत्रित की। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. पवन शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर शांडिल्य, श्री हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचारी आश्रम के प्रधान एवं पूर्व विधायक डा. शिव शंकर भारद्वाज, भगवान वशिष्ठ, प्रांत प्रमुख डा. महेंद्र पवार और रक्तदाता राजेश डूडेजा ने शिरकत की।

### हमारा परिवार संस्थान सामाजिक कार्यों के लिए सदैव रहती है तैयारः शंकर भारद्वाज

**एम्स की टीम का किया स्वागत**

इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. पवन शर्मा ने कहा कि रक्तदान का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी 32 बार रक्त दान कर चुके हैं और हमारा परिवार की इकाइयों द्वारा पूरे देश भर में किया जाने वाला यह पावन कार्य अत्यंत सराहनीय है। संस्था के प्रधान डा. शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि यह संस्था इस तरह के सामाजिक कार्यों के लिए सदैव तैयार रहती है और समाज कल्याण हित में ही कार्य करती है। जनरल एडमिनिस्ट्रेटर भगवान वशिष्ठ ने कहा कि संस्था में कॉलेज और स्कूल और आश्रम की में अनेक तरह की गतिविधियां चलती रहती है। ब्लड डोनेशन के लिए हमारे परिवार और एम्स की टीम का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की सामाजिक कार्य समाज में एक प्रेरणा का उदाहरण बनते है। प्रांत प्रमुख डा. महेंद्र पवार ने आए हुए सभी अतिथिगण का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



भिवानी। रक्तदाता शिविर में उपस्थित रक्तदाता। फोटोः हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

शिविर में गांधी जांगड़ा ,ज्योति जांगड़ा ने, राजवीर और उनकी जीवन संगिनी ने, प्राचार्य राजेश अरोड़ा के पुत्र तुषार अरोड़ा, डा. सतीश पिलानिया, प्रवक्ता प्रदीप कुमार और उनकी जीवन संगिनी रश्मि, मास्टर विनोद पिंकू, प्रवीण शर्मा, भारत यादव, अजीत सिंह, मोंटी कथूरिया, नवल किशोर, दीपक कुमार, मोनू कुमार, सुनील कुमार एडवोकेट, मदन वर्मा, बृजमोहन शास्त्री, विष्णु दत्त शर्मा, श्रीनिवास नागर, सुरेंद्र शर्मा, नितेश शर्मा, गौरव शर्मा, अक्षत वाधवा, यश कुमार शर्मा, रमेश चावला के अलावा अनेक रक्तदाता पहुंचे और रक्तदान किया। इस अवसर पर हमारा परिवार के सदस्य राजेंद्र मेहतानी, संतोष नागर, मीनू जांगड़ा, राजेश पठानिया, राजकुमार शर्मा, सुनील शर्मा, धर्मेंद्र भाटिया, भारत भूषण, गांधी जागडा, सुरेंद्र शर्मा, निर्लेप महेश्वरी, विशाल गर्ग सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

## गणमान्य नागरिकों व सामाजिक संगठनों की बैठक बुलाई

# भूपेंद्र भारद्वाज को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया

### शेखावाटी ब्रह्मचारी आश्रम ट्रस्ट को शिक्षा क्षेत्र में ब्रांड बनाने में पूरी मदद करें समाजः भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। श्रीहरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचारी आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष भूपेंद्र भारद्वाज का अभिनंदन करते ट्रस्ट के सदस्य।

महम रोड स्थित भगवान परशुराम मंदिर में ब्राह्मण कल्याण परिषद के अध्यक्ष एवं श्रीहरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचारी आश्रम ट्रस्ट के सदस्य शिलकराम शर्मा ने ट्रस्ट के सदस्यों, समाज के गणमान्य नागरिकों व सामाजिक संगठनों की बैठक बुलाई।

बैठक की अध्यक्षता पूर्व पार्षद पंडित मांगेराम शर्मा ने की। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे। बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने आश्रम को पूरी पारदर्शिता एवं सुचारु रूप से चलाने के लिए मुंढाल निवासी ट्रस्टी एडवोकेट भूपेंद्र भारद्वाज को सर्वसम्मति से ब्रह्मचारी आश्रम ट्रस्ट का अध्यक्ष नियुक्त किया तथा जल्द अपनी कार्यकारिणी बनाकर आश्रम संभालने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने विद्या मार्तंडेय पंडित सीताराम शास्त्री द्वारा 100 वर्ष पूर्व समाज के निमित्त बच्चों की शिक्षा, संस्कृत और श्रीसनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए बनाए आश्रम के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समिति सदस्य एवं सामाजिक संगठनों ने संस्था को शिक्षा क्षेत्र में ब्रांड बनाने में पूरी मदद का भरोसा दिया।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर तारकेश्वर कौशिक, महेश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, प्रधान सुभाष शर्मा, विनोद धारेडू, मनोज वशिष्ठ, देवानंद रबला, अरविन्द बामला ढीलू, राकेश गौड़, चंद्रभान धारेडू, रामोतार नोरंगाबाद, रामोतार शर्मा, श्रीकांत शर्मा, रामकिशन शर्मा, अनिल वत्स, जयवीर शर्मा बापोडा, कुलदीप हाडोदिया, सोनू बजीना, अनिल रानीला, महेंद्र कौशिक, लीलू नाथवास, महेंद्र कौशिक, साधुराम धारेडू, अनूप धनाना, गौरव शर्मा, राजेश कुसुंभी, धीरज बापोडा, शुभम शर्मा, योगी पंडित, डॉ. सत्यवीर कौशिक, विवेक उमरावत, डॉ. मनोज कितलाना, मांगेराम अजीतपुर, नित्यानंद खरकिया, सतबीर सरपंच आदि मौजूद रहे।

---

# जयंती मनाने पर बनी सहमति

■ भाजपा के बाबा भगीरथ महाराज की जयंती मनाने के फैसले पर ओड समाज में खुशीः सुरेश ओड

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताते राष्ट्रीय ओड सभा के पदाधिकारी।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया ने बाबा भगीरथ की जयंती मनाए जाने पर अपनी सहमति जताई है। जिसके बाद प्रदेश भर में खुशी की लहर है। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय ओड़ सभा के पदाधिकारी व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे बाबा भागीरथ महाराज की जयंती मनाए, ताकि उनकी शिक्षा व आदर्शो को प्रत्येक जन तक पहुंचाया जा सकें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री के इस फैसले पर राष्ट्रीय ओड सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश ओड ने उनका आभार जताया तथा कहा कि इस निर्णय से ओड समाज में जबरदस्त उत्साह और खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से ओड समाज इस मांग को उठा रहा था कि समाज के महान संत और प्रेरणास्त्रोत बाबा भगीरथ महाराज की जयंती को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाए। सुरेश ओड ने कहा कि बाबा भगीरथ ना केवल ओड समाज के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं।

# भगवान परशुराम जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बडे.धूमधाम से मनाते हुए।

बवानीखेड़ा में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बडे. धूमधाम से मनाई गई। जिसमें हलका विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा चेयरमैन सुंदर अत्री, नवीन जयहिन्द, उमेश भारद्वाज, देवेन्द्र अत्री आदि पहुंचे। सभी ने भगवान परशुराम की प्रतिमा के आगे शीश नवाया और आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात शोभा यात्रा निकाली गई और बड़ी धूम-धाम से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। शोभा यात्रा पार्वती मंदिर से होते हुए नागरिक अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों से होते हुए भगवान परशुराम के आदर्शों का बखान करते हुए निर्धारित स्थान पर वापिस पहुंची। विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि हमें भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलना चाहिए। मानव जीवन बार बार नहीं मिलता इसलिए हर घड़ी एक दूसरे की मदद करनी चाहिए और इंसानियत का परिचय देना चाहित। वहीं नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि हर इंसान में भगवान का वास होता है।

---

# गांव खावा में बनेगी गोशाला

■ शहीद मंगलसिंह खरेटा की दूसरी पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा अनावरण 4 जून को

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम



तोशाम। गांव खावा के किसान भवन में ग्राम स्वराज किसान मोर्चा एवं गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट की बैठक को संबोधित करते वक्ता। फोटोः हरिभूमि

गांव खावा स्थित शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा किसान भवन में रविवार को ग्राम स्वराज किसान मोर्चा एवं गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट की संयुक्त बैठक का आयोजन किया। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक मनोज सहरावत व प्रदेश संयोजक महेंद्र सिंह गोदारा पहुंची। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने की तथा संचालन प्रचार मंत्री राजपाल चाहर ने किया। बैठक के दौरान विभिन्न अहम मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक मनोज सहरावत ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया कि महान गौभक्त जाट हरफूल सिंह जुलाणीवाले के नाम से गांव खावा में गौशाला का निर्माण करवाया जाएगा, ताकि युवावर्ग उनके द्वारा गौहित में किए कार्यो से प्रेरित होकर गौसेवा की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ा सकें। उन्होंने बताया कि 4 जून को शहीद मंगल सिंह खरेटा की दूसरी पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा की स्थापना करवाने का निर्णय बैठक में लिया गया। इस मौके पर प्रदेश संयोजक महेंद्र सिंह ने बताया कि शहीद किसान योद्धा मंगलसिंह खरेटा ने किसान हित में जीवनभर संघर्ष किया।

# राजयोग मेडिटेशन को दिनचर्या बनाएं

■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में कार्यकम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी



चरखी दादरी। पौधरोपण करती ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन व अन्य। फोटोः हरिभूमि

भौतिक विकास के साथ नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों का होना बहुत जरूरी है, तभी हम समाज का सर्वांगीण विकास कर सकते है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा के तत्वावधान में समाज के सर्वांगीण विकास में नैतिक मूल्य विषय पर आयोजित समय मिलन में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा परिस्थितियों में सकारात्मक दृष्टिकोण रखने से आंतरिक शक्ति बढ़ती है राजयोग मेडिटेशन हमारी आत्मा और शरीर दोनों को रिचार्ज करता है, जिससे हम तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें राजयोग मेडिटेशन को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर मूलरूप से कादमा निवासी वेदाचार्य मनिंद्र शास्त्री संस्कृत प्रवक्ता ने संस्कृत भाषा में अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में हरियाणा प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त पर रहने पर ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने स्मृति चिह्न व साहित्य देकर एवं पटका पहनाकर सम्मान किया। ब्रह्माकुमारी वसुधा ने मनिंदर शास्त्री को सम्मानित व बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर ईश्वर बैंक मैनेजर, सरपंच प्रतिनिधि अशोक रामबास,पटवारी ओमप्रकाश स्वामी, मास्टर सुनील, मास्टर रणधीर, हवलदार रामकुमार बडराई, रोहताश कुबजानगर, राजेश पिचोपा, धर्मपाल कलियाणा, बलवान झोझू कला, सुधीर दादरी, मास्टर राजेंद्र, दीपक कादमा, हवासिंह चपड़ासी आदि मौजूद रहे।

**नैतिक मूल्य अपनाएं**

इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी मास्टर रणधीर ने कहा कि बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग को देखते हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधें लगाकर उनका पालन करना चाहिए। झोझू सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि हमें अपने व्यवहार में नैतिक मूल्यों को आगे रखना चाहिए, तभी हमारे संबंध मजबूत होंगे।

---

# जागरूकता अभियान शुरू

■ डीएलएसए ने महिलाओं उत्पीड़न पर चलाया विशेष कानूनी जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सचिव कम सीजेएम पवन कुमार के मार्गदर्शन में जिलेभर में महिलाओं से छेड़छाड़ और किसी को मानसिक या शारीरिक रूप से डराना-धमकाना विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों व आमजन को इन सामाजिक कुरीतियों के प्रति सचेत कर एक सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। सीजेएम कम सचिव पवन कुमार ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि आज के समय में महिलाओं से छेड़छाड़ और किसी को मानसिक या शारीरिक रूप से डराना-धमकाना जैसे विषय बेहद संवेदनशील बन चुके हैं।

विशेषकर विद्यालयों, महाविद्यालयों और कार्यस्थलों में इनका प्रभाव युवाओं की मानसिक स्थिति और आत्मविश्वास पर गहरा असर डालता है। यही कारण है कि विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अपील की कि आमजन को भी इन प्रयासों में भागीदारी निभानी चाहिए। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या डराने-धमकाने जैसी घटनाओं को अनदेखा न करें।

यदि कोई ऐसी गतिविधि देखी जाए, तो तुरंत संबंधित प्राधिकरण या पुलिस को सूचित करें। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में इस अभियान को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

**बिना झिझक अपनी शिकायत दर्ज करवाएं**

उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर विशेष कार्यशालाएं, हेल्प डेस्क के माध्यम से, नुक्कड़ नाटकों, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं, और व्याख्यानों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों और नागरिकों को यह बताया जा रहा है कि महिलाओं से छेड़छाड़ और किसी को मानसिक या शारीरिक रूप से डराना-धमकाना न केवल सामाजिक दृष्टि से अनुचित हैं, बल्कि कानूनी दृष्टि से भी गंभीर अपराध हैं जिन पर सख्त दंड का प्रावधान है। सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि इस अभियान में कानूनी जानकारी के साथ-साथ सामाजिक एवं मानसिक सहायता प्रदान करने के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं। पीड़ितों को भरोसा दिलाया जा रहा है कि वे बिना झिझक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं और उन्हें उचित सहायता प्रदान की जाएगी।

## धर्म, भक्ति और सच्चे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना हैः पारीक

# 108 महिलाओं ने शहर में निकाली कलश यात्रा

■ न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सात दिवसीय श्रीमद्भगवत कथा का शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा रविवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुई, जिसमें 108 महिलाओं ने अपने शीश पर कलश धारण कर प्रभात फेरी निकाली, जिसका शुभारंभ कथाव्यास विदुषी वेला पारीक वृंदावन व महंत चरणदास महाराज ने किया। श्रीमद्भागवद कथा का वाचन वृन्दावन से पहुंची विदुषी वेला पारीक वृंदावन करेंगी। कथा व्यास ने कथा के प्रथम चरण में श्रीमद्भागवत कथा वृतांत पर प्रकाश डाला। नगर में गाजे बाजे और नाचते गाते हुए कलश यात्रा निकाली। कथाव्यास विदुषी वेला पारीक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हिंदू धर्म की महत्वपूर्ण धार्मिक कथा है, जो भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके उपदेशों पर आधारित है। इस कथा का मुख्य उद्देश्य भक्तों को धर्म, भक्ति और सच्चे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना है। श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से वर्णित किया जाता है, जिसमें उनकी बाल लीलाओं, गोकुलवास, रासलीला, और महाभारत के युद्ध में उनके योगदान का वर्णन है। उन्होंने कहा कि कथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कहानी से शुरू होती है, जिसमें उनकी माता देवकी और पिता वासुदेव की पीड़ा और उनकी विष्णु अवतार की प्रक्रिया का उल्लेख है। इसके बाद श्रीकृष्ण के बाल्यकाल की लीलाएं मक्खन चुराना, दानवों का वध और गोवर्धन पूजा की घटनाएं वर्णित की जाती हैं। कथा में उनके जीवन के अन्य महत्वपूर्ण पहलु अर्जुन को गीता का उपदेश देना, रासलीला और दुष्ट राजा कंस का वध शामिल है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर महंत चरणदास महाराज ने कहा कि कथा के माध्यम से अनेक प्रकार की बुराइयां खत्म होती है तथा संस्कार एवं संस्कृति से लोग जुड़ते हैं, इसलिए ऐसी कथा समय समय पर होनी चाहिए। इस अवसर पर रामअवतार शर्मा, आशा पाहुजा, निशा शर्मा, शिल्पी चावला, राजबाला कौशिक, प्रवीण सोनी, पूनम शर्मा, संगीता, सीमा शर्मा, राजेश मुखी, महेश सरपंच, पंडित अनिल शास्त्री, बाबूलाल शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जल विवाद पर सियासत न करें पंजाब सरकार

**भिवानी।** भाखड़ा नहर हरियाणा प्रदेश की सिंचाई व्यवस्था की रीढ़ है, जो वर्षों से जल संकट का कारण बनती जा रही है। चिंता की बात ये है कि पंजाब की सभी राजनीतिक पार्टियां हरियाणा के हिस्से का भाखड़ा नहर का पानी रोकने के पक्ष में एकमत हो गई हैं, ये न सिर्फ हरियाणा के किसानों के साथ अन्याय है, बल्कि संवैधानिक और मानवाधिकारों का भी उल्लंघन है, उक्त शब्द भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां अधिकतर किसान आज भी अपनी खेती के लिए नहरों और ट्यूबवेलों पर निर्भर हैं। भाखड़ा नहर से पानी की नियमित आपूर्ति रुकने का सीधा असर फसलों की पैदावार, किसानों की आय और प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

### मनोज बने गोरक्षा दल ग्रामीण मंडल-7 के प्रमुख

**भिवानी।** जिला कारागार के नजदीक स्थित गौ चिकित्सालय में रविवार को गौरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य योगेंद्र व उपाध्यक्ष आचार्य आजाद के दिशा-निर्देश अनुसार गौरक्षा दल की केंद्रीय सलाहकार समिति की मीटिंग हुई। मीटिंग में गौरक्षा दल संगठन का विस्तार एवं पुर्नगठन किया। बैठक की अध्यक्षता बाबा कर्तव्यनाथ ने की। इस दौरान गौरक्षा दल के ग्रामीण मंडल के प्रमुख एवं उपप्रमुख के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि रविवार को बैठक में ग्रामीण मंडल-7 से 10 तक के प्रमुख एवं उपप्रमुखों की घोषणा की गई, जिसमें ग्रामीण मंडल-7 से मनोज ढाणीमाहु को प्रमुख, विष्णु ढाणीमाहु को उपप्रमुख, मंडल-8 से जोनी को प्रमुख व दीपा को उपप्रमुख व आर्यन भोला को उपप्रमुख, मंडल-10 से कृष्ण को प्रमुख तथा नसीब लाला को उपप्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी।

जिले में बंदरों के आतंक से लोग परेशान

# घरों पर बंदरों का कब्जा, छतों और बाहर जाने से कतराने लगे हैं लोग

झुंडों में बंदर घरों की छत पर बैठ जाते है। अगर इनको टोका जाता है तो वे उनको काटने को दौड़ते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर, कस्बा या फिर ग्रामीण इलाकों में बंदरों का जबरदस्त आतंक बना है। टोलियों में घुम रहे बंदर आए दिन लोगों को चोटिल कर रहे है। झुंडों में बंद लोगों के घरों की छत पर बैठ जाते है। अगर इनको टोका जाता है तो वे उनको काटने को दौड़ते है। अब तक करीब एक दर्जन से ज्यादा लोगों को बंदर काट चुके है। यही स्थिति कस्बे व ग्रामीण इलाकों की बनी है। वहां पर बंदरों के आंतक से लोग बेहद परेशान है। नगरपरिषद ने विगत में बंदर पकड़ने का अभियान चलाया भी था,लेकिन दो कदम चलने के बाद फिर औधे मुंह गिर गया अभियान। फिलहाल लोग भय के साए में जीवन जी रहे है। भिवानी शहर के अंदरूनी इलाके में बंदरों की सबसे ज्यादा समस्या बनी है। बंदर अल सुबह या रात में भी लोगों के घरों की छतों पर पहुंच रहे है। कई बार तो बंदर सोते हुए लोगों को काट कर जख्मी कर रहे है। हालात ये बने है कि बंदरों के झुंड के आगे हर कोई बेबस नजर आता है। क्योंकि ये झुंड में करीब 20 से 25 तक बंदर चलते है। अगर इनको कोई रोकता या टोकता है तो वे सभी बंदर उस व्यक्ति के साथ लिपट जाते है और उसको काट कर जख्मी कर रहे है। इनके अलावा मंदिरों व धार्मिक स्थलों पर भी इनका जमावड़ा बना है। अगर वहां पर कोई पूजा अर्चना के लिए जाता है तो बंदर उसको भी काटकर जख्मी कर रहे है। बंदरों के आंतक से हर कोई परेशान है।




भिवानी। छतों पर झुंड में बैठे बंदर। व घरों की छतों पर आराम से बैठे बंदर। फोटो : हरिभूमि

### कस्बे व ग्रामीण इलाके भी अछूते नहीं

शहर ही नहीं कस्बे व ग्रामीण इलाके बंदरों के आंतक से अछूते नहीं बचे है। शहर की तरह इन इलाकों में भी बंदर झुंडों में घुमते है। उनके आने का कोई वक्त नहीं है। वे रात को भी दिन की तरह घुमते रहते है। अगर कोई व्यक्ति अकेला छत पर सो रहा होता है तो उस व्यक्ति को काट कर जख्मी कर रहे है। बंदरों के भय से लोग रात के समय छत पर नहीं सो रहे है। यही हालत कस्बों में बनी है। यहां पर दिन में भी बंदर लोगों को काट रहे है। खासकर बाजार में बंदर लोगों के हाथों से सामान छीनना आम बात हो गई है। लोगों ने बंदरों को पकड़वाने के लिए कई बार जिला प्रशासन से शिकायत की,लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

# महिला कबड्डी ट्रॉयल कैंप 5वें दिन भी रहा जारी

■ महिला कबड्डी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक नया प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महिला कबड्डी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक नया प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है, जिसके बाद प्रो कबड्डी की तर्ज पर अब पूरे भारतवर्ष में महिला खिलाड़ियों की भी अलग पहचान स्थापित होगी। इसी कड़ी में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम उठाते हुए महिला कबड्डी लीग द्वारा जिला के गांव निमड़ीवाली स्थित एमडी पॉलीटैक्नीक स्कूल व कॉलेज में 10 दिवसीय ट्रायल कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जो कि रविवार को 5वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्रालय डायरेक्टर चित्रलेखा शर्मा, जयहिंद मंच के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, जयहिंद मंच की महिला अध्यक्ष डा. ललित कौशिक, अंकुश कौशिक, विजय सोनी पालम दिल्ली, एमडी स्कूल-कॉलेज डायरेक्टर प्रतिभा पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कबड्डी लीग की चेयरपर्सन डा. सीमा ने की। कार्यक्रम के दौरान अतिथि व आयोजकों ने उपस्थित सभी को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि खिलाड़ियों के चयन, प्रशिक्षण और क्षमता आकलन के लिए ट्रायल कैंप एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके माध्यम से नई और उभरती हुई खिलाड़ियों की खोज की सकती है। उन्होंने बताया कि ट्रायल कैंप के माध्यम से चयनकर्ताओं को खिलाड़ियों की फिटनेस, कौशल, तकनीक और खेल भावना का मूल्यांकन करने का भी अवसर मिलता है।ट्रायल कैंप की जानकारी देते हुए महिला कबड्डी लीग की चेयरपर्सन डा. सीमा ने कहा कि शिविर में देश भर से 450 के करीबन खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा के जौहर दिखा रहे है। उन्होंने बताया कि ट्रायल कैंप के माध्यम से 8 टीमों का चयन किया जाएगा, जो कि सीनियर वर्ग की 59 मैच खेलेगी तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में सभी खिलाड़ियों के लिए मैडिकल कैंप भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी खिलाड़ियों का शारीरिक चैकअप किया गया।

# भगवान परशुराम के आदर्श अनुकरणीय: धर्मबीर

■ ज्ञानकुंज स्कूल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद चौ धर्मबीर सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम युग पुरुष हैं तथा उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों के नाश के लिए अवतार के रूप में जन्म लिया था। भगवान जाति विशेष के नही बल्कि सर्वमान्य होते हैं। भगवान परशुराम ने रामायण से महाभारत काल तक बुराइयों का नाश किया और भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और दानवीर कर्ण जैसे महान योद्धाओं को शिक्षा प्रदान की। ऐसे आदर्श पुरुष समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए पूजनीय है। वे स्थानीय ज्ञान कुंज स्कूल परिसर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सांसद चौ धर्मबीर सिंह का शहर के परशुराम चौक पर पुरुषोत्तम शर्मा, सुशील शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मुकेश शर्मा, अनिल जोशी, सुरेश शर्मा, कृष्ण शर्मा सिवानी, रामशरण बिठ्ठन, पवन शर्मा सहित अनेक लोगों ने स्वागत किया। सांसद चौ धर्मबीर ङ्क्षसह ने परशुराम चौक और शहर के शहीद भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा के भतीजे नवीन शर्मा, नगरपालिका चेयरमैन बंटी तायल, व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी, पूर्व डिप्टी डीईओ मानसिंह शर्मा, भाजपा नेत्री आरती शर्मा आदि मौजूद रहे।



भिवानी। ज्ञानकुंज स्कूल में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद चौ धर्मबीर सिंह।

पूर्व शिक्षा मंत्री की पुण्यतिथि

# स्व. चौ बहादुर सिंह को किया याद, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

इनेलो शासन के दौरान प्रदेश के शिक्षा मंत्री रहे स्व. बहादुर सिंह की पुण्यतिथि के मौके पर स्थानीय पूर्ण धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें उनके बेटे पूर्व आईएएस जगदीप सिंह और पूर्व एसडीएम संदीप सिंह सहित अनेक लोगों ने पूर्व मंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में एसपी हरेंद्र सिंह, होमगार्ड एसपी विजय श्योराण, कर्मबीर सिंह फरटिया, भागीरथ श्योराण, रघुवीर सिंह, राज सिंह गागड़वास सहित अनेक लोगों ने स्व. चौ बहादुर ङ्क्षसह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि चौ बहादुर ङ्क्षसह ने शिक्षा मंत्री रहते हुए गांव गांव व ढाणियों में नए विद्यालय भवन बनवाए थे, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्थानीय स्तर पर ही शिक्षा मिल सके। यही नही उन्होंने ने विद्यालयों में नैतिक शिक्षा विषय लागू करवाया था ताकि शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों में संस्कारों का समावेश हो सके।



लोहारू। लोहारू पूर्ण धर्मशाला में पूर्व मंत्री चौ बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए



भिवानी। पक्षियों के लिए पानी का प्रबंध करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### पक्षियों के लिए किया दाना पानी का प्रबंध

चरखी दादरी । खुशियों की दीवार द्वारा शुरू किए गए अभियान के अंतर्गत परिंदों के लिए पानी और दाना का प्रबंध मुहिम जोर पकड़ रही है। इसी कड़ी में रविवार को रविदास नगर में महिला सहायता समूह की प्रधान सुनीता बंगाली की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और संकल्प लिया कि वे अपने घरों की छतों पर परिंदों के लिए परिंडे लगाएंगी और नियमित रूप से पानी व दाना उपलब्ध कराएंगी। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं की सेवा को लेकर भी जागरूकता फैलाई गई। सुनीता बंगाली ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों को दाना-पानी मिलना बेहद आवश्यक है। यह अभियान न केवल जीव सेवा का उदाहरण है, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और करुणा का भी संदेश देता है। उन्होंने यह भी अपील की कि हर घर की छत पर कम से कम एक परिंडा अवश्य लगाया जाए। स्थानीय महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने का वचन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता संजय रामफल ने कहा कि ये पहल सिर्फ पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। पक्षी न केवल हमारे पर्यावरण के लिए आवश्यक हैं, बल्कि वे हमारे जीवन में सौंदर्य, शांति व संतुलन भी लाते हैं।

### वैज्ञानिक व आध्यात्मिक दोनों तरह से त्रिवेणी का है विशेष महत्व: बाबा

**भिवानी।** पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़-पौधें बहुत आवश्यक है, जिनमें पीपल, बड़ एवं नीम का बहत महत्व है। पीपल, बड़ व नीम की त्रिवेणी न केवल वैज्ञानिक, बल्कि आध्यात्मिक तौर पर महत्वपूर्ण मानी जाती है, त्रिवेणी सबसे ज्यादा वायु एवं पक्षियों को आश्रय देती है, ये बात त्रिवेणी बाबा ने रविवार को गांव देवसर के जलघर में त्रिवेणी रोपित करने के उपरांत कही।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति एवं सभ्यता में भी त्रिवेणी विशेष महत्व रखती है। ऐसे में प्रत्येक जन को पौधारोपण विशेषकर त्रिवेणी रोपण की तरफ विशेष ध्यान देकर इनका संरक्षण करना चाहिए, ताकि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकें।

मौके पर कार्यक्रम संयोजक हवलदार लोकराम नेहरा ने कहा कि पेड़ों को किसी भी प्रकार से काटने की अनुमति नहीं है, इसीलिए इनके संरक्षण की हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। रोपित की गई त्रिवेणी के पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी जलघर के कर्मचारी कपिल ने ली।

# मंदिर में सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

ग्राम विकास मंडल मिलकपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए अभियान को जारी रखा । इसी क्रम में आज रविवार को ग्राम विकास मंडल के सदस्यों ने गांव के प्रमुख बाबा बलदेव मुनि के मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। मंडल के प्रधान राजेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था न केवल पेड़-पौधों का रोपण और रखरखाव करती है, बल्कि गांव की साफ-सफाई का भी दायित्व नियमित रूप से निभाती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार को मंडल के सदस्य श्रमदान करते हैं जिसमें पौधों की देखरेख, खरपतवार निकालना और सफाई जैसे कार्य शामिल होते हैं। राजेश यादव ने बताया कि पेड़ों की सुरक्षा के लिए ग्राम पंचायत द्वारा ग्रिल की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए मंडल पंचायत की आभारी है। इस कार्य में सरपंच भीम सिंह और पंचायत का सहयोग विशेष रूप से सराहनीय रहता है। इस सफाई अभियान में ग्राम विकास मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।



भिवानी। ग्राम विकास मंडल मिलकपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए अभियान चलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दें पंजाब सरकार: जितेन्द्र भोलू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



पंजाब सरकार ने हरियाणा के हिस्से का पानी बंद करके हरियाणा के साथ नाइंसाफी की है। हरियाणा पंजाब का छोटा भाई है, इसे उसके हिस्से का पानी देना चाहिए, ये बात युवा छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष, युवा कल्याण संगठन के सदस्य एवं समाजसेवी जितेन्द्र भोलू ने कही। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी बंद किया जाना बहुत ही गलत हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई कोई साधारण लड़ाई नहीं हैं, दोनों प्रदेशों के नेताओं को बैठक बुलाकर समाधान करना चाहिए। हरियाणा प्रदेश के सभी पार्टीयों के नेता मन से पंजाब के नेताओं की तरह एकजुट होकर लड़ाई को युद्ध स्तर पर लड़ें तथा पंजाब सरकार से अपने हिस्से का पानी लें। उन्होंने जम्मू कश्मीर की पहलगाम घाटी में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।तथा प्रधानमंत्री मोदी व केंद्र सरकार से मांग की कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए अतिशीघ्र ठोस कदम उठाएं, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न घटे।

# दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वनवासी कल्याण आश्रम में रविवार को भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा का परिवार मिलन एवं दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि लिटिल हार्टस गुरप ऑफ स्कूल के एमडी पवन गोयल तथा विशिष्ट अतिथि रुद्राक्ष आर्किटेक्ट और इंजीनियर के सीईओ वरुण शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, प्रांतीय महिला संयोजिका रेखा गुप्ता, जिला संयोजक डॉ. विक्रम, शाखा पूर्व अध्यक्ष नरेश बंसल, प्रोफेसर डॉ. प्रोमिला सिहाग विशेष तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन नरेश कुमार चांदना ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत गायन से हुई। अतिथियों व संगठन पदाधिकारियों का अगं वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।




हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

समाजहित से जुड़कर युवा ला सकते हैं सकारात्मक बदलाव: जेसी शर्मा

# समाजहित के लिए शहर में निकाली कार-बाइक रैली

■ सभी वाहनों पर आईएम प्राउड मेंबर ऑफ जेसीआई इंडिया के स्टीकर, झंडे और बैनर लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवावर्ग को जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा किए जा रहे समाजहित के कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रविवार को जेसीआई भिवानी स्टार ने आईएम प्राउड मेंबर ऑफ जेसीआई इंडिया अभियान के तहत कार व बाइक रैली निकाली। रैली का उद्देश्य समाज में सकारात्मकता, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। जेसीआई के मीडिया प्रभारी कपिल शर्मा ने बताया कि रैली की शुरुआत हुडा पार्क के सामने से की, जिसमे कार व बाइक के भारी काफिले के साथ अनेक सदस्यो ने भाग लिया।

सभी वाहनों पर आईएम प्राउड मेंबर ऑफ जेसीआई इंडिया के स्टीकर, झंडे और बैनर लगाए गए। उन्होंने बताया कि जागरूकता रैली को संस्था के पैटर्न जेसी गोपाल अग्रवाल ने स्थानीय हुडा पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसके बाद यह रैली हांसी गेट चौक से, घंटाघर चौक, कृष्णा कॉलोनी चौक से रेलवे रोड पर पूरे शहर में निकाली, जिसमें आमजन से आह्वान किया कि हमें अपने जेसीआई सदस्य होने पर गर्व है। रैली में जेसीआई के दर्जनों सक्रिय सदस्य जेसीआई के झंडे और प्राउड मेम्बर स्लोगन से सजी टी-शर्ट पहनकर पूरे जोश एवं उत्साह के साथ शामिल हुए। शर्मा ने बताया कि रैली का उद्देश्य युवाओ को एकजुटता की ताकत से अवगत करना था। जेसीआई के प्रधान जेसी संदीप अग्रवाल ने बताया कि जेसीआई सिर्फ संगठन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो युवाओं को नेतृत्व, सामुदायिक सेवा और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करता है। रैली के माध्यम से संदेश दिया कि युवावर्ग में बदलाव की ताकत होती है, ऐसे में अगर युवा समाजहित के कार्यो से जुड़ते है तो वे समाज में बड़े बदलाव ला सकते हैं। रैली में प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी कपिल शर्मा, जेसी प्रकाशचंद्र मोडा, जेसी शिवकुमार सोनी, जेसी संजय कुमार, जेसी प्रिंस गर्ग, जेसी अंश अग्रवाल के साथ संस्था के पैटर्न जेसी गोपाल अग्रवाल, आईपीपी जेसी भारत गुप्ता, महासचिव जेसी श्याम अग्रवाल, कैशियर जेसी प्रवीण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। कार एवं बाइक रैली निकालते जेसीआई भिवानी स्टार के सदस्य।

### स्वराज किसान मोर्चा व गो किसान समृद्धि ट्रस्ट की संयुक्त बैठक आयोजित

तोशाम । गांव खावा स्थित शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा किसान भवन में रविवार को ग्राम स्वराज किसान मोर्चा एवं गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक मनोज सहरावत व प्रदेश संयोजक महेंद्र सिंह गोदारा पहुंची। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने की तथा संचालन प्रचार मंत्री राजपाल चाहर ने किया। बैठक के दौरान विभिन्न अहम मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। इस मौके पर ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक मनोज सहरावत ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया किसान महान गौभक्त जाट हरफूल सिंह जुलाणी वाला के नाम से गोशाला का निर्माण करवाया जाएगा।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T.
CUET
S.S.C.
रेलवे
अग्निवीर
Delhi Police
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च दादरी
9050035973, 9812611926